तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 सितम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 ग्रामीणों को नहीं मिल रहा एंबुलेंस की सुविधा का लाभ



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## आयुष्मान भारत में गड़बड़ी का मामला : पीएम जन आरोग्य, पीसीपीएनडीटी, नर्सिंग होम का भी उल्लंघन

# गोयल हॉस्पिटल में बतौली के 5 मरीज भर्ती 2 को शरीर, 2 को कमर में दर्द तो 1 को दस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के बनारस रोड स्थित गोयल हॉस्पिटल में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। आयुष्मान भारत योजना के नाम पर 1-1 हजार रुपए में फर्जी मरीज भर्ती करने के मामले को प्रदेश के साथ ही अब केंद्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। केंद्र ने इस मामले में जवाब मांगा है जिसके बाद इस मामले की जांच के बाद रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है।

**खास बात**
- शासन के निर्देश पर जांच में हुआ बड़ा खुलासा

**खबर का असर**

जांच के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गोयल हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीसीपीएनडीटी, आरसीएच मानकों के उल्लंघन और अनियमितता की पुष्टि हुई है। ऐसे में अब देखना यह है कि इस मामले में शासन की ओर से क्या कार्रवाई की जाती है।

बता दें कि शहर के बनारस रोड में संचालित गोयल हॉस्पिटल में भोले भाले लोगों को फर्जी तरीके से भर्ती कर उनके नाम पर आयुष्मान भारत योजना की राशि गंभीर बीमारियों के नाम पर बुक करने और योजना के दुरुपयोग का खुलासा हरिभूमि ने 22 अगस्त को किया था। हॉस्पिटल संचालक लाखों रुपए की राशि आहरित करने के बदले आयुष्मान कार्ड धारक को दो बार में सिर्फ दो हजार रुपए देकर ठगी का शिकार बना रहे थे। खबर प्रकाशन के बाद राज्य शासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को द्वारा जांच टीम का गठन किया था। टीम में आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश भजगावली, नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. पीके सिन्हा, पीसीपीएनडीटी की नोडल डॉ. सरिता सिंह के साथ ही आरसीएच नोडल अधिकारी डॉ. रोजलिन आर एक्का, नर्सिंग होम एक्ट के शाखा प्रभारी संजय पाण्डेय, पीसीपीएनडीटी शाखा प्रभारी महेंद्र सिंह की टीम ने अस्पताल में जांच की। पहले दिन जब टीम जांच के लिए पहुंची तो वहां को भी मौजूद नहीं था। ऐसे में टीम ने पुनः अस्पताल में जाकर नर्सिंग होम एक्ट के साथ ही आयुष्मान भारत, पीसीपीएनडीटी सहित अन्य मानकों की जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि नर्सिंग होम एक्ट के तहत क्लिनिक स्थापना के लिए लाइसेंस एचआर हेल्थ केयर के नाम पर लिया गया है और इसका लाइसेंस 3 नवम्बर 2022 को जारी है जबकि निरीक्षण के दौरान अस्पताल गोयल हॉस्पिटल के नाम पर संचालित पाया गया जो कि नर्सिंग होम एक्ट 2013 के नियम 11 (03) ग एवं घ का उल्लंघन है। इसके साथ ही जांच के दौरान संस्था के संचालक उपस्थित नहीं हुए। निरीक्षण के दौरान लिफ्ट के गेट पर ताला लगा पाया गया है। लिफ्ट के अंदर लाईट व पंखा नहीं था, फर्श में में पानी जमा था और लिफ्ट का सर्टिफिकेट भी मौजूद नहीं था।



हास्पिटल में मौजूद जांच टीम के सदस्य।

### ना डॉक्टर के रिकार्ड ना ही ओपीडी-आईपीडी का हिसाब

जांच के दौरान जब टीम ने चिकित्सकों के ड्यूटी रोस्टर, नर्स एवं स्टाफ के ड्यूटी रोस्टर, उपस्थिति पंजी की मांग की तो प्रबंधन अधिकारियों को कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया। इतना ही नहीं अस्पताल में काम करने वाले चिकित्सकों को वेतन भुगतान का रिकार्ड भी नहीं मिला। अस्पताल के वार्ड में बेड हेड टिकिट उपलब्ध नहीं था और ना ही आईपीडी रजिस्टर में मरीजों के भर्ती एवं डिस्चार्ज तिथि को संधारित किया गया था। जनरल वार्ड में मरीजों के साइड टेबल में दवाइयां उपलब्ध नहीं थी। अस्पताल में नॉन एमबीबीएस डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद थी। आईसीयू, प्रसूति कक्ष, एचडीयू व ऑपरेशन कक्ष सक्रिय नहीं थे। दवा दुकान में कोई फार्मासिस्ट मौजूद नहीं था।

### साफ सफाई व बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन में लापरवाही

निरीक्षण के दौरान अस्पताल के वार्ड में आईसीयू, ओटी में कलर कोड बिन नहीं थे। बायो मेडिकल वेस्ट प्रबन्धन भी मानक अनुरूप नहीं मिला जबकि संस्था में लेबर वार्ड, ओटी तथा शौचालय में साफ सफाई मानक अनुरूप नही पाया गया। जनरल वार्ड, आईसीयू वार्ड में इमरजेंसी ट्रे नहीं मिले। अस्पताल में अग्निशमन में लापरवाही पाई गई।

### फर्जी तरीके से मरीज भर्ती करने की संभावना

जांच के दौरान अस्पताल में कुल 5 मरीज भर्ती मिले जिनके भी ऊपर भी जांच टीम ने संदेह व्यक्त किया है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में भर्ती पांचो मरीज बतौली विकासखंड के तहत। इनमें से तीन मरीज ग्राम माझा तो दो मरीज ग्राम बेलकोटा के थे। जब मरीजों से बात की गई तो 2 मरीजों ने शरीर दर्द, 2 ने कमर दर्द और 1 मरीज ने दस्त की शिकायत के साथ भरत होने की बात कही जो संदेह को जन्म देता है। सबसे बड़ी बात यह कि अस्पताल के आईसीयू वार्ड में वेन्टीलेटर, डीफिब्रिलेटर सहित अन्य महत्वपूर्ण उपकरण ही उपलब्ध नहीं थे जिससे एक मरीज की गंभीर स्थिति में जान बचाई जा सके।

### मल्टीपल दस्तावेजों का उपयोग

जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि भारत सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की नेशनल एंटी फार्ड यूनिट द्वारा ट्रिगर किए गये आयुष्मान भारत क्लेम में मल्टीपल दस्तावेजों का उपयोग किया गया है। वहीं 1 अप्रैल 2025 से 26 अगस्त 2025 के बीच अस्पताल में ज्यादातर क्लेम हाइपोनेट्रेमिया यानी खून में सोडियम सामान्य स्तर से कम होने की समस्या, गंभीर एनीमिया, गंभीर सेप्सिस, पेट की आंत में सूजन, एक्यूट वायरल हेपेटाइटिस आदि नाम से ब्लाकिंग की गई थी।

### पीसीपीएनडीटी में भी लापरवाही

जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि एचआर हेल्थ केयर पीसीपीएनडीटी के तहत पंजीकृत है। अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन भी मौजूद था जो पीसीपीएनडीटी के तहत पंजीकृत पाया गया है। जांच में मशीन में दर्ज कुछ गर्भवती महिलाओं का नाम ओपीडी रजिस्टर व फ्रार्म में अनियमितता पाई गई। मार्च 2025 से संस्था द्वारा पीसीपीएनडीटी मासिक रिपोर्ट भी कार्यालय को नहीं भेजा गया था जो गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम के नियम 09 के उप नियम 08 का उल्लंघन है।

### भेज दी गई है रिपोर्ट

मामला संज्ञान में आने के बाद टीम बनाकर जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच गोयल हॉस्पिटल में लापरवाही, अनियमितता सामने आई है। नर्सिंग होम एक्ट, पीसीपीएनडीटी, आयुष्मान भारत में गड़बड़ी मिलने के बाद जांच रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। अब इस प्रकरण में राज्य स्तर से कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. अनिल शुक्ला
संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय ब्लड डोनेट ड्राइव 16 से

**सूरजपुर।** रक्तदान महादान है के संकल्प के साथ अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा 16 व 17 सितम्बर को मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन करने जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देना और समाज में रक्तदान की महत्ता के प्रति जागरूकता फैलाना है। 16 सितम्बर को अभियान की शुरुआत दुमरिया हाई स्कूल से होगी, जहां रक्तदाताओं को हेलमेट प्रदान कर सड़क सुरक्षा का संदेश भी दिया जाएगा। 17 सितम्बर को तीन प्रमुख स्थानों पर एक साथ रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे जिसमे शासकीय कॉलेज सूरजपुर, जिला चिकित्सालय सूरजपुर एवं शासकीय कॉलेज उदयपुर शामिल है। परिषद पदाधिकारियों ने नगर वासियों से कहा कि एक यूनिट रक्त किसी अनजाने की जिंदगी बचा सकता है। इस पुनीत कार्य में आगे बढ़ें और समाज को जीवनदान दें।

### बीच सड़क पर स्कूटी खड़ी कर बेसुध हुआ नशेड़ी आरक्षक

**बिहारपुर।** चांदनी थाना अंतर्गत पुलिस चौकी मोहरसोप में पदस्थ आरक्षक रविवार को नशे में झूमता नजर आया। अत्यधिक नशा होने के कारण आरक्षक अपनी स्कूटी को बीच सड़क पर खड़ी कर पास के किराना दुकान के सामने कुर्सी पर सो गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आरक्षक की वीडियो बनाई जो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। दूसरों को नशा से दूर रहने की सलाह देने वाले आरक्षक ही विभाग के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। रविवार को पुलिस चौकी मोहरसोप में पदस्थ आरक्षक ह्रदय लाल राजवाड़े ने ड्यूटी समय में ही जमकर शराब पी ली तथा झूमते हुए स्कूटी पर सवार होकर घूमने लगा। दोपहर में अत्यधिक नशा होने के कारण उसने बीच सड़क पर अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डी वाय 0203 को खड़ी कर पास के यादव किराना स्टोर के सामने रखी कुर्सी पर बेसुध घंटों बैठा रहा। इस दौरान वह कई बार कुर्सी से गिर भी गया। ग्रामीणों ने उसे वापस कुर्सी पर बैठाकर जगाने की कोशिश की लेकिन आरक्षक घंटों बेसुध पड़ा रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने आरक्षक की वीडियो बनाई जो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि आरक्षक का मुलाहिजा कराया जाएगा तथा नशे की हालत में पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी

### लापता बालकों को पुलिस ने आधे घंटे के भीतर खोजा

**अम्बिकापुर।** नेहरू वार्ड में किराए के मकान में रह रहे राज किशोर कुशवाहा (9 वर्ष) व अरूण यादव (8 वर्ष ) शनिवार की शाम घर के समीप अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे। इसी बीच दोनों बालक घूमने चले गए जिसके बाद वापस नहीं लौटे। इधर परिजन जब शाम को घर पहुंचे और बालकों को नहीं देख खोजबीन की लेकिन दोनों बालकों का पता नहीं चला। लगभग 7 घंटे तक परिजन मोहल्ले सहित कई जगह बालकों की तलाश की लेकिन जब बालकों का पता नहीं चला तो देर रात घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। अचानक बालकों के लापता हो जाने पर कोतवाली पुलिस ने न सिर्फ मामले को गंभीरता से लिया और खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस ने आधे घंटे के भीतर दोनों बालकों को प्रतीक्षा बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा से बरामद किया। जहां दोनों बालक सोते पाए गए। पुलिस ने तत्काल बालकों को परिजन के सुपुर्द किया। जिसके बाद परिजन ने राहत की सांस ली।



बैठक में उपस्थित समिति के सदस्य।

## सरगुजा सेवा समिति की बैठक में सदस्यों को दी गई विजयादशमी महोत्सव की तैयारियों की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित सरगुजा सेवा समिति तथा वरिष्ठ नागरिकों की बैठक में विजयादशमी के अवसर पर श्रीराम की विशाल शोभा यात्रा महाआरती व भव्य रावण दहन की तैयारियों की जिम्मेदारी समिति के सदस्यों को सौंपी गयी। बैठक में समिति के महासचिव संजय अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष प्रभु श्रीराम जी की महाआरती व राज तिलक का भी आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। भव्य आतिशबाजी की सामग्री आंध्रप्रदेश के काकीनाड़ा से मंगवाई जा रही है। बैठक में शोभायात्रा को भव्य बनाने के बारे में चर्चा की गई।

- पीजी कॉलेज मैदान में 85 फीट के रावण के पुतले का होगा दहन

उन्होंने बताया कि रावण दहन के लिए अब बार रावण का पुतला 85 फीट, कुम्भकरण 70 फीट तथा मेघनाथ का पुतला 50 फीट ऊंचा बनाया जाएगा। समारोह में 26 एवं 27 सितम्बर को संभाग स्तरीय रामचरित मानस गायन प्रतियोगिता शिशु मंदिर भवन में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम दिवस पुरूष मानस गायन प्रतियोगिता एवं द्वितीय दिवस महिला मानस गायन प्रतियोगिता होगी। संभाग स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता 21 सितम्बर होगी जिसमें 20 शैला नृत्य टीमें और 10 सुगा नृत्य टीमें भागीदारी करेगी। 2 अक्टूबर को श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी साथ ही भव्य रावण दहन, अद्भुत आतिशबाजी एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में सरगुजा सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी, नागरिक समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, अखिलेश सोनी, आलोक दुबे, शफी अहमद, ललन प्रताप सिंह, जेपी श्रीवास्तव, करताराम गुप्ता, जयशंकर त्रिपाठी, प्रयाग राज साहू, महेंद्र अग्रवाल, महेंद्र विश्वकर्मा, नरेंद्र सिंह टूटेजा, विकास पांडेय सहित अन्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## मॉर्निंगवॉक पर निकली बुजुर्ग महिला से बाइकर्स ने की जेवर की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में दिन दहाड़े बुजुर्ग महिला से बाइकर्स द्वारा लूट का मामला सामने आया है। महिला मॉर्निंग वॉक पर निकली हुई थी। इस दौरान पुलिस के नाम पर बाइक सवार बदमाश महिला के पास पहुंचे और लूटपाट की घटनाओं का हवाला देकर उससे सोने के जेवर उतरवाए और फिर बुजुर्ग महिला से जेवर लूटकर फरार हो गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है वहीं शहर में पुलिस की कार्य प्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। पुलिस अब घटना की जांच कर रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक मामले में अपराध दर्ज नहीं किया गया है।

- पुलिस जांच में जुटी, पुलिसकर्मी होने का हवाला देकर दिया घटना को अंजाम

बताया जा रहा है कि चोपड़ापारा निवासी 70 वर्षीय बानो देवी पति स्व. योगेन्द्र मंडल 14 सितम्बर की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली हुई थी। सुबह 7 से 8 बजे के बीच बुजुर्ग महिला गांधी चौक से वापस घर आने के लिए निकली थी और रिंग रोड काली मंदिर के समीप बैठकर आराम कर रही थी। इसी बीच दो बाइक पर चार युवक मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग महिला को कहा कि वर्तमान में शहर में लूट की घटनाएं हो रही है इसलिए सोने चांदी के जेवर पहनकर घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। इस दौरान संदेहियों ने बुजुर्ग महिला से उसके गले से सोने का चेन और हाथ से सोने के कंगन उतरवाए। जैसे ही महिला ने जेवर को उतारा लुटेरे महिला के हाथ से जेवर लूटकर फरार हो गए। इससे पहले की बुजुर्ग महिला कुछ समझ पाती और शोर मचाती आरोपी बिना नम्बर की बाइक से भाग निकले थे। इस घटना में लाखों रुपए के जेवर के लूट की बात कही जा रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक मामले में कोतवाली पुलिस की तरफ से अपराध दर्ज नहीं किया गया था।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

इस घटना के बाद बुजुर्ग महिला ने घर जाकर जानकारी परिजन को दी जिसके बाद परिजन ने कोतवाली थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि चारो आरोपी पहले से रेकी कर रहे थे और लूट से पहले उन्होंने महिला के आस पास कई चक्कर भी लगाए। इसके साथ ही आरोपियों ने हेलमेट पहना हुआ था। बड़ी बात यह है कि शहर में पुलिस द्वारा लगाए गए ज्यादातर सीसीटीवी काम नहीं कर रहे है ऐसे में पुलिस निजी संस्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है लेकिन अब तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है।

### चल रही है तलाश

महिला के साथ लूट की शिकायत मिली है। इस घटना की जांच चल रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। जल्द ही आरोपियों का पता लगा लिया जाएगा।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

### आरक्षक की पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बलरामपुर।** संजीव भगत पुलिस लाइन में पदस्थ है और परिवार के साथ पुलिस लाइन आवासीय कालोनी में निवासरत है। बीती रात भोजन करने के बाद आरक्षक की पत्नी 33 वर्षीय शालेन भगत अपनी डेढ़ वर्षीय बच्ची को लेकर अलग कमरे में सोने चली गई थी। बच्ची को सर्दी खांसी थी इस लिए वह बिना पंखा चलाए ही सो रही थी जबकि संजीव भगत दूसरे कमरे में सो रहे थे। भोर के 3.30 बजे बच्ची के रोने की आवाज सुनकर संजीव जब कमरे में पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। आरक्षक की पत्नी पंखे के सहारे फंदे में झूल गई थी। आरक्षक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



अम्बिकापुर। पारंपरिक पर्व जीवीतिया पर्व बड़े उल्लास व धार्मिक वातारण में मनाया गया।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थी हुए शामिल

## आरक्षक बनने सरगुजा में 4 हजार 864 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग हेतु रविवार को चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। शहर के 12 केन्द्रों में कड़ी सुरक्षा वयवस्था के बीच व्यापम द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में 4 हजार 864 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जबकि सिर्फ 38 अभ्यर्थी ही अनुपस्थित रहे।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में लगभग 6 हजार रिक्त पदों पर आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा 2023-24 का आयोजन किया गया था। पुलिस विभाग में भर्ती के लिए सरगुजा संभाग के सभी जिलों से युवाओं ने हिस्सा लिया और शारीरिक दक्षता परीक्षा दी। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले अभ्यर्थियों के लिए ही लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल को दी गई थी। रविवार को व्यापम द्वारा शहर के 12 केन्द्रों में सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक परीक्षा ली गई।

पीजी कॉलेज, कन्या महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, मल्टी परपज स्कूल, नगर पालिका निगम स्कूल, पुलिस लाइन स्कूल, शासकीय कन्या उमावि मणिपुर, शासकीय उमावि केदारपुर, स्वामी आत्मानन्द हायर सेकेंडरी स्कूल गांधीनगर, कन्या शिक्षा परिसर के साथ ही विवेकानन्द विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा हुई। परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को कड़ी जांच से गुजरना पडा। परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा के लिए सरगुजा के संभाग के कुल 4 हजार 902 अभ्यर्थियों शारीरिक दक्षता परीक्षा पास कर लिखित परीक्षा के लिए पंजीयन कराया था। रविवार को परीक्षा में 4 हजार 864 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 38 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।



परीक्षा केन्द्र के बाहर अभ्यर्थी।

## विदेश से महंगे गिफ्ट भेजने का झांसा देकर 6 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सोशल मीडिया पर विदेशी दोस्त बनाना और उससे चेटिंग करना एक महिला वनकर्मी को काफी महंगा पड़ गया। दोस्त बने ठग ने महंगे विदेशी गिफ्ट देने का झांसा देकर महिला वनकर्मी से लाखों रुपए ठग लिए। जब महिला वनकर्मी को ठगी का एहसास हुआ तो उसने घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामले में ठगी का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- महिला वनकर्मी की फेसबुक पर हुई थी दोस्ती, अपराध दर्ज

जानकारी के अनुसार वन विभाग सीतापुर में कार्यरत ग्राम सोनतराई निवासी महिला वनकर्मी की सोशल मीडिया फेसबुक में किसी विलियम डेविड नामक व्यक्ति से दोस्ती हो गई।जिसके बाद दोनों व्हाट्सएप के माध्यम से आपस मे बात करने लगे। इसी दौरान युवक व्हाट्सएप के माध्यम से फारेन करेंसी, ज्वेलरी समेत अन्य गिफ्ट आइटम की फोटो भेजा करता था जिसे वो गिफ्ट के तौर पर महिला वनकर्मी को देने की बात कहता था। महिला वनकर्मी भी उसके झांसे में आ गई और वो गिफ्ट लेने को तैयार हो गई। जिसके बाद उसके मोबाइल पर एक महिला का फोन आया जो खुद को मुंबई एयरपोर्ट की कर्मचारी बता रही थी उसने मोबाइल पर महिला वनकर्मी को बताई कि तुर्किये से आपके नाम विलियम डेविड ने 50 हजार डॉलर भेजा है। जिसकी ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### कृषकों की समस्याओं को लेकर गोंगपा ने सौंपा ज्ञापन

**बिहारपुर।** क्षेत्र के किसानों की समस्याओं एवं राजस्व कर्मियों की मनमानी के विरूद्ध गोंगपा के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। गोंगपा के जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह आयम ने बताया कि हल्का पटवारियों की मनमानी के कारण किसानों के राजस्व प्रकरणों का निराकरण किसानों के राजस्व प्रकरणों का निराकरण वर्षों से लंबित पड़ा है। पटवारी वनभूमि का पट्टा नहीं बना रहे हैं वहीं वर्षों से ऋण पुस्तिका का वितरण किसानों को नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा वनभूमि पट्टा की फोटोकॉपी देने के बावजूद पटवारी भारतराम पैकरा द्वारा ऋण पुस्तिका नहीं बनाई जा रही है। ग्राम रामगढ़, खोहिर, नवाटोला, बसनारा, मोहरसोप के किसानों का वन अधिकार स्वीकृति सूची में हैं लेकिन उन्हें पट्टा नहीं दिया गया है। ग्राम खोहिर निवासी गंभीर, बुधनी, जवाहिर, त्रिवेणी, राम नारायण, रामप्रसाद का सीमांकन प्रकरण एक वर्ष से लंबित रखा गया है। ग्राम कांतिपुर के रामसेवक पिता मान सिंह के वनभूमि का पट्टा के लिए सरगुजा सेटलमेंट मांगा जा रहा है। इस तरह की गड़बड़ियों को रोकने सभी वनभूमि पट्टों को ऑनलाइन करने की जरूरत है ताकि किसानों को भटकना न पड़े। पटवारी अपने हल्का में न जाकर किसानों को अपने घर में बुलाकर परेशान करते हैं। फौती, नामांतरण एवं बंटवारा के प्रकरणों का निराकरण एक सप्ताह में करने, ग्राम खोहिर के 59 ग्रामीणों को जारी फर्जी जांच उपरांत निरस्त करने, किसानों को ऋण पुस्तिका प्रदान करने, ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पर जाति प्रमाण पत्र बनाने एवं पटवारी रितुराज टेकाम द्वारा किसान से गाली-गलौज के मामले में कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### पाकिस्तान से खेल संबंधों पर पुनर्विचार होना चाहिए

**अंबिकापुर।** अल्पसंख्यक कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव परवेज़ आलम गांधी ने कहा कि भारत का एक दौर था जब सिद्धांत और नैतिकता हर जीत-खिताब से ऊपर मानी जाती थी। 1974 के



डेविस कप फाइनल में रंगभेद विरोधी रुख के कारण भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल त्याग दिया, जीत खो दी लेकिन आदर्श नहीं छोड़े। श्रीलंका में तमिलों पर अत्याचार और अनुराधापुरा नरसंहार के बाद भी भारत ने क्रिकेट का बहिष्कार कर अन्याय का विरोध किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ भी 1965, 1971, कारगिल युद्ध और 26/11 मुंबई हमले के बाद खेल संबंध रोककर शहीदों की कुर्बानी का सम्मान किया गया। आज जबकि पहलगाम में निर्दोष नागरिक मारे जा रहे हैं और ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जवान शहीद हो रहे हैं, फिर भी पाकिस्तान से खेलने की तैयारियाँ शहीदों की शहादत के प्रति असंवेदनशीलता दिखाती हैं। उन्होंने कहा है कि सत्ता और खेल की गद्दी, शहीदों के खून और माताओं के आँसुओं से अधिक मूल्यवान नहीं हो सकती। खेल को केवल व्यवसाय न बनने दें, राष्ट्रहित और शहीदों के सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए पाकिस्तान से खेल संबंधों पर पुनर्विचार होना चाहिए।

## मरीज को झेलगी से 25 किमी पैदल चल कर परिजन ने कराया अस्पताल दाखिल

# ग्रामीणों को नहीं मिल रहा एंबुलेंस की सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**
- सूचना के बाद भी नहीं पहुंची एंबुलेंस

दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके इसके लिए शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि शासन प्रशासन द्वारा मरीजों के सुविधा के लिए लाखों रुपए खर्च करती है बावजूद इसके ग्रामीण सुविधाओं से आज भी वंचित है। इन दिनों प्रतापपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा का बुरा हाल है। सरकार द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का दावा की जाती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। क्षेत्र के ग्राम गोरकी में एक वृद्ध ग्रामीण को एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिली तो परिजन झेलगी से उसे 25 किमी का रास्ता तय कर प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। ऐसा नहीं है कि परिजन सहित गांव के ग्रामीणों ने एंबुलेंस के लिए फोन से सूचना नहीं दिया लेकिन एंबुलेंस के नही आने पर परिजन को झेलगी से ही लंबा सफर तय कर अस्पताल दाखिल करना पड़ा।

विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम गोरगी से निवासी नान राम कोडाकू की तबीयत अचानक खराब हो जाने से परिजन सहित गांव के लोगों ने संजीवनी 108 में फोन कर ग्रामीण की तबीयत करना हो जाने तथा अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस की मांग की। परिजन सहित गांव के लोगों ने कई बार फोन कर एंबुलेंस की मांग की लेकिन कर्मचारियों ने एंबुलेंस कुछ देर में भेज देने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। कई घंटे के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं आया और वृद्ध ग्रामीण की हालत बिगड़ते देख परिजन ने झेलगी से ही बीमार ग्रामीण को ले जाना उचित समझा। परिजन बीमार वृद्ध को झेलगी से ढो कर लगभग 25 किलोमीटर का सफर तय कर प्रतापपुर अस्पताल में मरीज को दाखिल कराया। जिसके बाद मरीज का उपचार शुरू हो सका। परिजन सहित ग्रामीणों का आरोप है कि एंबुलेंस को कई बार फोन किया गया मगर कोई लाभ नहीं हुआ। एंबुलेंस सुविधा के लिए मदद मांगी गई मगर किसी प्रकार की मदद नहीं मिल सकी। ऐसे में ग्रामीणों ने मिट्टी ढोने वाले झेलेगी के सहारे मरीज को प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट कराना पडा। ग्रामीणों का कहना है कि एंबुलेंस नहीं मिलने की यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी बीमार लोगों को एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने पर झेलगी से अस्पताल ले जाना पड़ा है। इस तरह की घटना कई बार हो चुकी है लेकिन एंबुलेंस की व्यवस्था में आज तक कोई सुधार नहीं हो सका है।



मरीज को झेलगी से ले जाते परिजन।

### वीडियो बनाया लेकिन नहीं की मदद

कोडाकू जनजाति ग्रामीण की तबीयत खराब होने पर परिजन झेलगी से लेकर प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र लेकर आ रहे थे। इस बीच रास्ते में कई लोगों ने वीडियो बनाया लेकिन ग्रामीण की मदद करना उचित नहीं समझा और वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। इधर वीडियो के वायरल होने से शासन प्रशासन द्वारा की जा रही स्वास्थ्य सुविधा पर सवाल उठने लगे है।

### बाइक सवारों ने की मदद

एंबुलेंस नहीं मिलने पर बीमार कोडाकू जाति के नान राम कोडाकू को परिजन झेलगी से ही पैदल प्रतापपुर अस्पताल लेकर आ रहे थे। परिजन मरीज को लेकर लगभग 25 किलोमीटर का तय कर चुके थे तभी रास्ते में बाइक सवार की नजर पड़ी तो मानवता दिखाते हुए तत्काल मरीज को बाइक में बैठाया और सीधे प्रतापपुर अस्पताल में दाखिल कराया।

### दोषी के विरूद्ध की जाएगी कार्रवाई

परिजन झेलगी से मरीज को 25 किमी पैदल चलकर अस्पताल में भर्ती कराया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। एंबुलेंस की सुविधा किस कारण नहीं मिली इस संबंध में प्रतापपुर स्वास्थ्य विभाग से इसकी तत्काल जानकारी लेता हूं। मरीज की बेहतर उपचार हो हर संभव कोशिश की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले लोगों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-कपिल पैकरा
सीएमएचओ सूरजपुर



## मंडल स्तरीय सेवा पखवाड़ा शिविर में लोगों की समस्याओं का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल जरही के तत्वाधान में मंडल स्तरीय सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम साथ ही समस्या निवारण शिविर का सोनगरा रेस्ट हाउस में मुख्य अतिथि विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का काम जल्द से जल्द निराकृत करें और आगे इस प्रकार के शिकायत का मौका न दे। भाजपा जिला महामंत्री व मंडल प्रभारी अशोक सिंह द्वारा कार्यक्रम के बारे में जानकारी देने के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। कार्यक्रम का संचालन जरही मंडल उपाध्यक्ष व सेवा पखवाड़ा के मंडल संयोजक शरद चंद द्विवेदी द्वारा सेवा पखवाड़ा के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि मंडल कार्यशाला 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी, जिसमें सेवा और समाज हित के विविध कार्यक्रम होंगे। आभार प्रदर्शन राजकुमार गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान अशोक सिंह, मुकेश सिंह, पूरन राजवाड़े,अनुज सिंह, ज्योति कला पैकरा, राजू शर्मा, दशरथ सिंह, राजनाथ पैंकरा, संतोष यादव,विश्वजीत सोनी, कलावती जायसवाल, किरण गुप्ता, मीना श्रीवास्तव, समय लाल मिश्रा, अभय तिवारी, मनीष मिश्रा, अनुराग द्विवेदी, प्रतीक जायसवाल, विकास तिवारी, श्याम प्रजापति, शशि रंजन सिंह, नागेंद्र सिंह, सुनील जायसवाल,आशीष दुबे, धनंजय सिंह, रोहित सिंह, संजय मिश्रा, भास्कर तिवारी, सुजीत मेहता, मधु राम राजवाड़े, सौरभ गुप्ता, रोशन राजवाड़े, खिरोधन राजवाड़े, धनेश्वर राजवाड़े, सोनू देवांगन, सलमान सिंह, शिव सिंह, कृष्णा सिंह, पंचमणि सिंह, रामदुलार, सोहर साय पैकरा, बालेश्वर सिंह, गोविंद यादव, कवल भान सिंह, कमला ठाकुर सहित मंडल के समस्त कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।




### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर हुई कार्यशाला

**राजपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बरियों में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान नियुक्त प्रभारी गौरी शंकर अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष कमला राम, शुभम सोनी के साथ ही बरियो मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा में सभी अपने नगर को स्वच्छ रखें इसके साथ ही चौक चौराहा की साफ सफाई रखना है। इसके अलावा रक्तदान शिविर करने की बात कही गई है। कार्यशाला में महामंत्री सुनील जायसवाल, बसंती राजवाड़े, सुरेश जयसवाल, नागेश राजवाड़े, वीरेंद्र जायसवाल, रमाकांत पांडे, विनोद जायसवाल, अमरनाथ गुप्ता, बादा सरपंच धरमराम, बरियो सरपंच रवि टेकाम, भिलाई सरपंच मोहन राम, बगीमा सरपंच सुदर्शन, अमडीपारा सरपंच धर्म सिंह, रवि गुप्ता, विक्की गुप्ता, मुरारी श्रीवास्तव, शिवपुर सरपंच भोला, पुरन नेताम, डकवा सरपंच दिनेश सिंह, रवि, बबलू यादव आदि मौजूद थे।

## गणपति की उत्कृष्ट झांकियों के लिए समितियों को किया गया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति द्वारा गणपति की स्थापना, शोभायात्रा एवं शांतिपूर्ण विसर्जन उपरांत चयनित झांकियों को सर्किट हाउस में पुरस्कृत किया गया।

जूनियर वर्ग में प्रथम राजा समिति 11000, द्वितीय पुरस्कार मायापुर युवा सेवा समिति को 5100 तथा तृतीय पुरस्कार विघ्नहर्ता सेवा समिति को 2100 प्रदान किया गया। सीनियर वर्ग प्रथम पुरस्कार जागृति नवयुवक मंडल को 31000, द्वितीय गणेश पूजा सेवा समिति चंबोधी तालाब को 15000 तथा तृतीय पुरस्कार सदर सेवा समिति सदर रोड को 11000 रूपए प्रदान किया गया। सभी विजेताओं को नकद राशि के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति के संरक्षक भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि अंबिकापुर में गणेशोत्सव की परंपरा केवल धार्मिक, आस्था का ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। हाथी पखाना स्थित गणपति धाम के प्रभाव से पूरे शहर में गणपति प्रतिमाओं की स्थापना भव्य रूप से होती है। शोभा यात्राओं में जिस प्रकार बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सम्मिलित होते हैं वह समाज की एकता और अनुशासन की प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन अंशुल श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान समिति के संरक्षक नीलेश सिंह, मनीष सिंह, अध्यक्ष शैलेश सिंह, सोमनाथ सिंह, जितेंद्र सोनी, मनोज कंसारी, वीनू जायसवाल, आलोक सिंह, रूपेश दुबे, संतोष दास, विकास पाण्डेय, जन्मेजय मिश्रा, सुनीत मिश्रा, विनोद हर्ष, संतोष बिहाड़े, अभिषेक शर्मा, दीपक सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चोरी के 2 सबमर्सिबल पम्प सहित 1 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

दो सबमर्सिबल पंप चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई दो पंप बरामद किया है।

ग्राम पम्पापुर निवासी दिनेश कुमार ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने बाड़ी में समरसिबल पम्प लगवाया था जिसे चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने संदेही ग्राम केरता निवासी लक्ष्मी उर्फ नटवा गिरी आ. परमेश्वर (27 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ में उसने समरसिबल पम्प चोरी करने की बात कबूल की। साथ ही ग्राम पम्पापुर से एक और समरसिबल पम्प चोरी को अपने 2 अन्य साथियों के साथ चोरी करने की बात बताई। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर चोरी के 2 नग सबमर्सिबल पम्प बरामद किया वहीं 2 अन्य आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### अनुजनगर गांव स्थित शासकीय दुकान से 50 बोरी चावल हुआ चोरी, अपराध दर्ज

- चोरी किए गए चावल की कीमत 25 हजार रुपए आंकी गई है

**बिश्रामपुर।** ग्राम अनुजनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 50 बोरी चावल को चोरी कर साथ ले गए हैं,लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम अनुजनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन महामाया महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जाता है,यहाँ से शनिवार मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा दुकान के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर दुकान में रखे 50 बोरी चावल को चोरी कर लिया है। चोरी किये गए चावल की कीमत 25 हजार रुपए आंकी गई है,मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं इंग्रासो बाई पति जयराम राजवाड़े, उम्र लगभग 57 वर्ष, जाति रजवार, निवासी ग्राम गांगीकोट (स्कूलपारा), पोस्ट गांगीकोट, थाना जयनगर, तहसील लटोरी, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम इंग्रासो बाई पति जयराम राजवाडे है जो कि मेरे वोटर आई.डी. में अंकित है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 4907 4003 1332 में मेरा नाम इन्द्रासो बाई अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरा सही एवं वास्तविक नाम इंग्रासो बाई INGRASO BAI है जो कि मेरे वोटर आई.डी. में अंकित है जो कि सत्य एवं सही है। इस कारण मेरे आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम को सुधारकर उसके स्थान पर मेरा सही एवं वास्तविक नाम इंग्रासो बाई INGRASO BAI अंकित किया जाना आवश्यक है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
इंग्रासो बाई
पति जयराम राजवाड़े
निवासी-ग्राम गांगीकोट (स्कूलपारा), पोस्ट गांगीकोट, थाना जयनगर, तहसील लटोरी, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /20240126310017/अ-6/2023-24

**आवश्यक सूचना**

आम जनता ग्राम हरिपुर व वसियत साक्षी मूलधर जायसवाल आ. केशव प्रसाद जायवला निवासी अम्बिकापुर को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्रीमती चन्द्रकला तिवारी पति स्व. लक्ष्मी प्रसाद व अन्य 06 सभी निवासी ग्राम हरिपुर के द्वारा ग्राम हरिपुर स्थित भूमि ख.न. 1749, 1753, 755 का उनके पक्ष में जारी वसियतनामा दिनांक 18 फरवरी 1999 के आधार पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है तथा प्रकरण साक्ष्य हेतु नियत है। साक्षी मूलधन जायसवाल को पंजीकृत डाक के माध्यम से नोटिस जारी किया गया परन्तु उक्त नोटिस तामिल/अदम तामिल वापस प्राप्त नहीं हुआ है। अतः उक्त सूचना के माध्य से साक्षी मूलधर जायसवाल एवं अन्य कोई भी जो इस वाद भूमि से सम्बद्ध हो प्रकरण में नियत तिथि 10/10/2025 को उपस्थित हो कर अपना पक्ष/साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के बाद उक्त वाद भूमि के सम्बंध में प्राप्त साक्ष्य व कोई पक्ष पर विचार नहीं किया जावेगा और नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 8/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से सूचना जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
लटोरी
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)


सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक - 28 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसिन)
डॉ. दीपक अग्रवाल
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
दिनांक - 14 सितम्बर 2025 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
(O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

न्यूरो ओ.पी.डी.
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 सितंबर, 2025
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
07774-221101, 9407910331
9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
25 साल से स्थायी
विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर - मोबा. 7898942870
समय - सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं?
वास्सी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मो. 9753266386

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ.आशीश जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ.हेमन्त कुमार बी - शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ.सोनल गार्डिया - जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ.भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - नाक कान गला रोग विशेषज्ञ
डॉ.नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.रोशन आरा - एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विशेषज्ञ
डॉ.हिमांशु गुप्ता - कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 7 सितम्बर 2025, रविवार
डॉ.आशु जैन - सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ.विनय कुमार ए.वी. - किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ.आकाश गर्ग - गैस्ट्रो - इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
डॉ.रितेश सिंह - सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक विशेषज्ञ
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000 | 8120809000

अमृत काढ़ा काजमी - मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
विजरा माल्ट
विजरा पावर
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

**खबर संक्षेप**



## साई कॉलेज में मनाया गया हिन्दी दिवस

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में आयोजित हिन्दी दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कवि श्याम कश्यप बेचैन ने कहा कि उन्होंने युवाओं को हिन्दी के लिए आह्वान करते हुए तुकबंदी की सवैया और छंद सुनाये। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि हिन्दी की वर्णमाला वैज्ञानिक है और इसमें 53 वर्ण शामिल है। भारतीय भाषाओं की जननी संस्कृत है जो विज्ञान सम्मत है। भाषा की समृद्धि शब्दों के उपयोग और स्थान पर निर्भर है। हिन्दी के पास शब्दों का भंडार पर्याप्त है।शासी निकाय के सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि हमें गर्व है कि हम विश्व की तीसरी सबसे अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा परिवार के नागरिक है। हमें हिन्दी को प्रोत्साहित करना चाहिए लेकिन बहुभाषी होना अपनी गुणवत्ता हो बढ़ाता है। उन्होंने हिन्दी के वैश्विक परिवेश से अवगत कराया। कार्यक्रम में रासेयो के नव प्रवेशी स्वयंसेवकों को सेवाभाव और दायित्वों से अवगत कराया गया। अतिथियों ने स्वयंसेवकों को बी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि श्याम कश्यप बेचैन को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक देवेन्द्र दास सोनवानी एवं आभार प्रदर्शन आर.एन शर्मा ने किया।

### लोगों को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना

# एनएच 343 की स्थिति फिर से खराब गड्ढों में फंसकर खराब हो रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

**खास बात**

- जर्जर एनएच पर आए दिन खराब हो रहे वाहन

एनएच 343 की स्थिति के बार फिर से खराब हो गई है। बारिश के बाद सड़कों पर बने गड्ढों में लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। गड्ढों के कारण सड़क पर भारी वाहन ब्रेक डाउन हो जा रहे है जिससे एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ठेकेदारों द्वारा सड़क मरम्मत में लापरवाही बरते जाने को लेकर लोगों में आक्रोश है।

बता दें कि अम्बिकापुर से रामानुजगंज के बीच एनएच 343 की हालत बेहद खराब है। 110 किमी सड़क के निर्माण हेतु राशि भी जारी हुई और ठेकेदारों को टेंडर भी जारी कर दिया गया है लेकिन फिलहाल बारिश के कारण सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है। इस बीच एनएच पर भारी वाहनों के आवागमन से बड़े बड़े गड्ढे हो गए है और सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। एनएच विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर गड्ढों को भरा गया लेकिन अधिक बारिश होने पर फिर से सड़कें गड्ढों और दलदल में तब्दील हो जा रही है। बड़ी बात यह है कि एनएच की सड़क नगर के बीच से होकर गुजरती है और राजपुर मुख्य बाजार में पुराना पोस्ट ऑफिस के सामने की हालत तो इतनी बदतर हो गई है कि बीते दिन मुख्य मार्ग पर ट्रक खराब हो गई थी कोई घंटे बाद सुधार के बाद ट्रक हटाया जा सका। इस दौरान एनएच पर रुक रूककर जाम की स्थिति बनती रही। इसके साथ ही अम्बिकापुर से राजपुर, बलरामपुर के बीच कई हिस्सों में बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर भरा जाना चाहिए था। मगर इन गड्ढों की मरम्मत में भारी लापरवाही बरती जा रही है। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। चार चक्का वाहन चालक और बड़े वाहन अब इस मार्ग पर चलने से कतराने लगे हैं। यहां तक कि कई बसों ने अपना नियमित मार्ग बदल लिया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि एम्बुलेंस सेवा भी बाधित हो रही है। मरीजों को अस्पताल ले जाने में देरी हो रही है, जिससे जनजीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य शुरू होने तक मौजूदा सड़क को दुरुस्त रखा जाए।


जर्जर सड़क पर चल रहे भारी वाहन।

**कराया जा रहा है मरम्मत**

राजपुरी से पाढ़ी और और बलरामपुर से रामानुजगंज के अलावे बाईपास सड़क का निर्माण होना है। बारिश के कारण सड़क डैमेज हुआ है उसे जल्द ही मरम्मत कर लिया जाएगा। राजपुर शहर का राजपुर एसडीएम और मेरे निगरानी में मरम्मत शनिवार को किया गया है। बीच-बीच में बड़े गड्ढे हो गए हैं उन्हें जल्द से जल्द मरम्मत किया जाएगा।

**-निखिल लकड़ा**, एसडीओ एनएच

## कोल इंडिया कर्मियों के सालाना बोनस भुगतान को लेकर 22 को अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया लिमिटेड व उससे जुड़ी सहायक कंपनियों में बोनस भुगतान को लेकर बड़ा फैसला होने जा रहा है, कंपनी प्रबंधन और विभिन्न श्रमिक संगठनों के बीच 22 सितंबर को अहम बैठक बुलाई गई है, इस बैठक को लेकर कोल सेक्टर में काम करने वाले लाखों कर्मचारियों की निगाहें टिकी हुई हैं, क्योंकि हर साल की तरह इस बार भी बोनस राशि को लेकर खींचतान तेज हो गई है।

गौरतलब है कि वर्ष 2025 के लिए मानकीकरण समिति की बैठक का पत्र जारी कर दिया गया है,बैठक की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन तथा कोल इंडिया निदेशक कार्मिक करेंगे, इसमें सिंगरेनी कोलियरीज़ कंपनी लिमिटेड के निदेशक पीएंडए जी पोतारू के अलावा यूनियनों की ओर से बीएमएस के सुजीत सिंह व पवन कुमार, एचएमएस के शिवकुमार यादव व रियाज अहमद, एटक के रामेंद्र कुमार व हरि सिंह तथा सीटू के डीडी रामानंदन और अराध सिंह बैठक में हिस्सा लेंगे,इन नेताओं ने पहले ही साफ कर दिया है कि वे कर्मचारियों के हितों से कोई समझौता नहीं करेंगे और बोनस की राशि को पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ाने पर ही सहमति जताई जाएगी,अब कोल कर्मचारियों के बीच चर्चा है कि इस बार बोनस को लेकर संघर्ष और भी रोचक होने वाला है, क्योंकि महंगाई, उत्पादन लक्ष्य और मजदूरों की अपेक्षाओं में बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है,कई कर्मचारी संगठन इसे आगामी त्यौहारी सीजन से भी जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि अगर प्रबंधन ने उचित बोनस नहीं दिया,तो इसका असर उत्पादन और श्रमिक मनोबल दोनों पर पड़ेगा। ऐसी स्थिति में 22 सितंबर की यह बैठक कोल इंडिया कर्मचारियों के लिए बेहद अहम साबित होगी,ज्ञात हो कि वर्ष 2024 में कोयला कामगारों को 93 हजार 750 रुपए बोनस का भुगतान किया गया था, इस वर्ष 2025 में एक लाख रुपए या इससे अधिक की राशि दिए जाने का अनुमान है।



## रजत जयंती पर इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई संगोष्ठी

**अम्बिकापुर।** विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज में छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष पर शुक्रवार को संगोष्ठी आयोजित कर छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की उपलब्धियों, भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी, खेलकूद, कोडिंग, टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता, राष्ट्रवाद- राष्ट्र निर्माण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता पर कार्यक्रम, साइबर सुरक्षा, छत्तीसगढ़ की लोककला, संस्था के उपलब्धियों, भगवान बिरसामुंडा पर संगोष्ठी, इत्यादि विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.खरे ने कहा कि हिंदी भाषा के विकास की भावना को केवल हिन्दी दिवस तक ही सीमित न कर उसे ओर बढ़ाना है। श्रीमती इंदु मिश्रा ने भी अपना विचार व्यक्त किया। डॉ.मोहन राव, मामदिकर ने कविता पाठ, लिसा मानिकपुरी ने भाषण एवं नेहा यादव, नागेश साहू ने कविता पाठ किया।

# शासकीय महाविद्यालय में राज्य स्थापना रजत जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्थानों में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वें स्थापना दिवस को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ रजत जयंती वर्ष मनाए जाने का निर्णय लिया है,इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में 9 सितंबर को भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मेलन हुआ जिसमें महाविद्यालय से अध्ययन कर चुके सभी छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया,इस दौरान छात्र-छात्राओं से महाविद्यालय के विकास में और क्या बेहतर किया जा सकता है इसके लिए सुझाव मांगा गया था छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की कक्षा प्रारंभ करने के लिए सुझाव दिया,जिस पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने अवगत कराया कि लगातार शासन स्तर पर इस विषय पर बातचीत हो रही है,दूसरे दिवस 10 सितंबर को विकसित छत्तीसगढ़ से विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मुख्य वक्ता कपिल राजवाड़े




प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे जिज्ञासु ने विस्तार से स्थापना से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ के विकास एवं विभिन्न योजनाओं को छात्र-छात्राओं को अवगत कराया, कपिल राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के लिए जनता में समानता समावेशी एवं नवाचार को लाना होगा और भ्रष्टाचार को मिटाना होगा तभी छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर होगा,11 सितंबर को भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता रखा गया जिसमें छात्राओं ने विकसित छत्तीसगढ़ के बारे में अपना विचार साझा किया,संस्था के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डीपी कोरी ने सभी स्वयंसेवकों को अपने मातृ भूमि की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया और कहा कि स्वयंसेवक राज्य के विकास के लिए जितना बन सके अपना योगदान देने का सुझाव दिया।इस दौरान स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी,चार दिन चले छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती वर्ष का 12 सितंबर को संपन्न हुआ,इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय के शिक्षक शैलेश सिंह सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र एवं सदस्य मृदुलता शर्मा नमन रोहिल्ला,ज्ञानेश मुद्गल सहायक प्राध्यापक भौतिकी, रजनी सिंह,साकेत दुबे उपस्थित रहे,कार्यक्रम संचालन निशांत मिन्ज अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र के द्वारा किया गया।


















## खबर संक्षेप

### मोहल्ले के पालतू जानवर ने महिला को काटा, डॉग मालिक पर जुर्म दर्ज

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के माइनर्स कॉलोनी निवासी महिला को दूसरे मोहल्ले में रहने वाले शिवनंदन नाम के पालतू डॉग ने शनिवार को अचानक उसके ऊपर हमला कर काट दिया।माइनर्स कॉलोनी निवासी महिला अफसाना खातून ने बिश्रामपुर थाने में दर्ज कराए शिकायत में बताया कि शनिवार को उसका बेटा खालिद घर के बाहर खेल रहा था,अचानक उसे दूसरे मोहल्ले से आये पालतू डॉग ने दौड़ाया तो वह मां को चीख पुकार कर डर से रोकर भाग रहा था,बच्चे के रोने की आवाज सुन जब वह घर से बाहर निकली तो देखा कि उसके बेटे को शिवनंदन का पालतू कुत्ता दौड़ा रहा है,जब वह हो हल्ला कर अपने बच्चे को बचाने का प्रयास कर रही थी,तभी कुत्ते ने महिला के दाहिने पैर में काट कर घायल कर दिया,इस दौरान भागदौड़ में वह जमीन पर गिर गई,इसके बाद घायल महिला को पड़ोसियों ने उठाया और अस्पताल ले जाकर वैक्सीनेशन कराई है, बाद में महिला ने बिश्रामपुर थाना पहुंचकर उसने डॉग मालिक शिवनंदन के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट की है,प्रार्थीया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### यूरिया की धड़ल्ले से कालाबाजारी कृषि विभाग ने की दुकान सील

**अम्बिकापुर।** जिले में व्यवसायी यूरिया की खुलेआम कालाबाजारी कर रहे है। आलम यह है कि संचालक नियमों को ताक में रखकर मोटी कमाई के लिए दो से तीन गुने कीमत पर यूरिया बेच रहे है। इस बात का खुलासा होने के बाद कृषि विभाग ने पहली बार जिले में कार्रवाई करते हुए एक दुकान के लाइसेंस को निलंबित कर दिया है इसके साथ ही गोदाम को सील कर यूरिया को जब्त किया गया है। बता दें कि खरीफ सीजन में यूरिया की किल्लत जारी है। समितियों में समय पर यूरिया की सप्लाई नहीं की जा सकी जबकि निजी दुकानों में नियमित रूप से यूरिया की सप्लाई होती रही और इसी का फायदा उठाकर दुकान संचालक किसानों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए 266 रुपए का यूरिया तीन से चार गुना अधिक कीमतों पर बिक्री की गई। जिले में शासन के निर्देश पर संयुक्त संचालक कृषि सरगुजा संभाग यशवंत केराम, कलेक्टर एवं उपसंचालक कृषि अंबिकापुर पिताम्बर सिंह दीवान के मार्गदर्शन में जिले के निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों से 40 बोरी से अधिक यूरिया लेने वाले कृषकों का सत्यापन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जांच के दौरान सुमित अग्रवाल के विजय ट्रेडिंग कम्पनी की जांच की गई। उर्वरक निरीक्षक सोहन लाल भगत एवं अन्य निरीक्षकों द्वारा टॉप 20 खरीदारों के सत्यापन में यह स्पष्ट हुआ कि अम्बिकापुर स्थित मेसर्स विजय ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। कृषकों के बयान एवं निरीक्षकों की अनुशंसा के आधार पर उपसंचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) पिताम्बर सिंह दीवान ने कम्पनी की खुदरा उर्वरक विक्रय 31 मार्च 2027 को आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया। लाइसेंस निलंबन के बाद कृषि विभाग की टीम ने कम्पनी के संचालक सुमित अग्रवाल की मौजूदगी में दुकान एवं गोदाम को सील कर दिया गया।

## पेज 1 के शेष...

### विदेश से महंगे गिफ्ट...

प्रोसेसिंग फीस डॉलर को भारतीय करेंसी में कन्वर्ट करने एवं इनकम टैक्स की फीस के रूप में आपको पैसे जमा करने होंगे। अगर पैसा जमा नहीं किया तो आपके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। महिला वनकर्मी डर के मारे उसके झांसे में आ गई और उसने दो किस्तों में महिला को 6 लाख 13 हजार रुपए भुगतान कर दिए। भुगतान करने के बाद उसे न तो कोई गिफ्ट मिला और न ही सोशल मीडिया पर अपने दोस्त से बात हुई तब जाकर महिला वनकर्मी को यह समझ मे आया कि वो ठगी का शिकार हो गई है। ठग ने सोशल मीडिया के माध्यम से उसे दोस्त बनाकर उसके लाखों रुपए ठग लिए। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की जिसपर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जांच अधिकारी उपनिरीक्षक रघुनाथ भगत ने बताया कि ठगी की शिकार हुई महिला वनकर्मी द्वारा थाने में मामला दर्ज कराया गया है। इस मामले अपराध दर्ज करते हुए अज्ञात ठग के विरुद्ध जांच की जा रही है।

## अब तक 17 फीसदी अधिक वर्षा

# फिर बदली मानसून द्रोणिका की स्थिति उत्तर छग में हो सकती है छिटपुट बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

खाड़ी में जल्द कोई ताकतवर सिस्टम नहीं बना तो भविष्य में छिटपुट वर्षा का ही भरोसा रहेगा। इस बार एक सप्ताह पूर्व ही राजस्थान से मानसून वापसी की अनुकूल परिस्थितियां बननी शुरू हो गई है। जिसका असर पूरे देशभर में पड़ने की संभावना है। हालांकि उत्तर छत्तीसगढ़ से मानसून की वापसी अक्टूबर मध्य में होती है। मानसून द्रोणिका की स्थिति में तेज बदलाव आया है फिर भी स्थानीय प्रभाव से प्रायः हर दिन कहीं-कहीं मूसलाधार वर्षा हो रही है।

**खास बात**

- पश्चिम राजस्थान में मानसून वापसी की गतिविधियां प्रारंभ

दो दिन पूर्व डाल्टेनगंज से गुजर रही मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से खिसककर दक्षिण की ओर चली गई है तथा राजनांदगांव से गुजर रही है। मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव आने से उत्तर भारत में वर्षा में कमी आई है तथा उत्तर छत्तीसगढ़ पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। द्रोणिका के प्रभाव से दक्षिण छत्तीसगढ़, विदर्भ एवं देश के दक्षिणी हिस्से में अच्छी वर्षा हो रही है। खाड़ी में मजबूत सिस्टम बनने के बाद ही अब अच्छी वर्षा होने की संभावना है। हालांकि सरगुजा में अभी भी स्थानीय मौसमी कारक सक्रिय हैं जिसके प्रभाव से प्रायः हर दिन कहीं-कहीं मूसलाधार वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में नमी में कमी आने के साथ ही वर्षा गति धीमी पड़ गई है। मौसम विज्ञानी इसे मानसून की वापसी का संकेत मान रहे है। राजस्थान से 15 सितम्बर से मानसून की वापसी होती है लेकिन इस बार एक सप्ताह पूर्व ही मानसून वापसी की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित हो गई है। मानसून वापसी की प्रक्रिया शुरू होने पर हवा में अनियमितता आने के साथ ही वातावरण में तापांतर आने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है तथा पछुआ विक्षोभ की गतिविधियां शुरू होने लगती हैं। मौसमी बदलाव के बीच कई बार खाड़ी में चक्रवाती तूफान बनने की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होती हैं तथा अक्टूबर में भारी वर्षा होती है। फिलहाल ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हुई है।



बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

### जारी रहेगी छिटपुट वर्षा

मानसून द्रोणिका सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर खिसक गई है। फिलहाल खाड़ी में कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है। भविष्य में छिटपुट वर्षा का क्रम जारी रहेगा। पश्चिम राजस्थान में मानसून वापसी की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित है।

**-अक्षय मोहन भट्ट**, मौसम विज्ञानी

### अम्बिकापुर में 117 फीसदी वर्षा

इस बार सरगुजा में औसत से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा 15 जून से 13 सितम्बर तक 1428.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मानसून सत्र में अम्बिकापुर में औसत 1220 मिमी वर्षा होती है। इस बार जून में 239.8 मिमी जुलाई में 662.9 मिमी, अगस्त में 374.2 मिमी एवं सितम्बर में अब तक 151.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जुलाई में भारी वर्षा होने के कारण सामान्य से 249.8 मिमी अधिक वर्षा दर्ज की गई है। माहवार वर्षा की स्थिति को मौसम विज्ञानी सामान्य मान रहे हैं। सितम्बर में अभी एक पखवाड़ा शेष है। शेष बचे दिनों में 50 मिमी से अधिक बारिश होने पर वर्षा का आंकड़ा बढ़ने के साथ ही अम्बिकापुर भारी वर्षा वाले क्षेत्रों में शामिल हो जाएगा।

### पड़ सकती है कड़ाके की ठंड

अभी ठंड दूर है लेकिन अभी से मौसम विज्ञानी इस बार कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी के अनुसार हर समुद्र का अपना सर्कुलेशन होता है। ला-नीना के प्रभाव से समुद्र की हवाएं बंडी बन जाती है तथा पानी का तापमान कम होने लगता है। ऑस्ट्रेलिया से चलने वाली ठंडी जलधारा की हवाएं वातावरण को प्रभावित करती हैं। अल नीना के प्रभाव से समुद्र का पानी का तापमान बढ़ जाता है जिससे तापमान में वृद्धि होती है। इस बार ला नीना के प्रभाव से अधिक ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है।



## शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

ब्लॉक मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की तैयारी शुरू कर दी गई है। दुर्गा उत्सव हेतु समितियों द्वारा भव्य तरीके से पंडाल बनाकर माता की प्रतिमाएं विराजित करने पंडाल की साज सज्जा की जा रही है। शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से प्रारंभ होगी और नौ दिनों तक पूजा अर्चना के बाद विजयदशमी के पश्चात समाप्त होगी।

शारदीय नवरात्र में दर्जनभर पूजा पंडालों में विधि-विधान से माता की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। राजपुर गांधी चौक स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जाती है। वही राजपुर के स्टेट बैंक के पास नवदुर्गा पूजन समिति द्वारा पंडाल बनाकर दुर्गा पूजा विधि विधान से की जाती है। इसके अलावा ग्राम बरियो दुर्गा पंडाल में भव्य तरीके से दुर्गा माता की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि विधान से पूजा की जाती है यहां पंडाल का भी तैयारी भव्य तरीके से की जा रही है। दुर्गा पूजा को लेकर सभी समितियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है और भव्य रूप से पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। विकासखंड के ग्राम कर्रा, परसागुड़ी, नरसिंहपुर, सेवारी, भदार, झींगों, जिगड़ी, सिधमा के साथ ही अन्य स्थानों पर दुर्गा पंडाल स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही नवरात्रि में शक्तिपीठों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। राजपुर के मां महामाया मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, बघिमा में चंद्रघण्टा माता का मंदिर में विशेष रूप से पूजा अर्चना कर अखंड मनोकामना हेतु घृत व तेल की दीप ज्योति की जाती है। बूढ़ाबगीचा में काली माता का मंदिर, ग्राम नवकी में समलाया माता का धूमधाम से पूजा अर्चना की जाती है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## जिला शिक्षा अधिकारी ने तीन विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

**रामानुजनगर।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 में सम्मिलित छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा के आतिथ्य में किया गया, जिसमें जिले स्तर पर कक्षा 5 वीं से 12वीं तक के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेताओं को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। 11 वीं कक्षा में अध्यनरत तीन विद्यार्थी शशि भूषण राजवाड़े को प्रथम, श्रवण सिंह को द्वितीय एवं अविनाश सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह सहित नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी शिक्षक गोपाल सिंह को भी जिले में अपने विद्यालय से अधिक नॉमिनेशन कराने पर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति,जीवन मूल्यों,नैतिक चेतना और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना है, ताकि वे अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सकें। साथ ही जिले से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कहा। इस दौरान भोला प्रसाद, शिव शंकर साहू, शिव शंकर कुशवाहा, पवन कुमार गर्ग, अवधेश गोयल, विजय निगम, सुशील निगम, विष्णु प्रसाद प्रजापति, धर्मेंद्र बरेठ सहित शिक्षक,विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे।



KALDA HOSPITAL कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

## देर रात तलवार लेकर घंटों उत्पात मचाता रहा नशेड़ी युवक

**सीतापुर।** नगर में अपराधियों से पुलिस का खौफ खत्म होता नजर आ रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बीती रात देखने को मिला जब नशे में धुत एक युवक देर रात तक हाथ मे खुली तलवार लिए लोगो को धमकाता घूमता रहा। इस दौरान नशे में धुत युवक लोगों को तलवार का डर दिखाकर धमका भी रहा था। लोगों ने जब उसे पकड़ने की कोशिश की तब वह तलवार लहराते हुए लोगो को डराने लगा। पुलिस ने डायल 112 को मामले की सूचना दी लेकिन टीम मौके पर नहीं पहुंचे। उत्पात मचने के बाद युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। लोगो ने पुलिस की लचर कानून व्यवस्था से शहर में बढ़ती अराजकता एवं गुंडागर्दी को नगर के भविष्य के लिए खतरा बताया है।



- सूचना के बाद भी नहीं पहुंची पुलिस, लोगों में आक्रोश, कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

विदित हो कि देर रात हाथों में खुली तलवार लिए एक युवक दहशत फैला रहा था। युवक नशे में धुत था और मुख्य मार्ग से आने जाने वालों को तलवार दिखाकर डराने की कोशिश कर रहा था।देर रात युवक के हाथों में खुली तलवार देख लोग काफी दहशत में थे। युवक के डर से लोग रास्ता बदलकर आना जाना कर रहे थे। लोगों को इस बात का डर था कि नशे में धुत युवक कही उन पर हमला न कर दे। इस दौरान कुछ लोगों ने हिम्मत करते हुए उससे तलवार छीनने की भी कोशिश की लेकिन युवक ने तलवार का डर दिखाकर उन्हें भागने पर मजबूर कर दिया। रात 10 बजे से लेकर 11 बजे तक युवक जयस्तंभ चौक के आसपास आतंक मचाता रहा। वो खुद को ग्राम पेंट का निवासी बता रहा था और कभी मंगरेलगढ़ तो कभी घर जाने की बात कर रहा था। इस बीच थाने में संपर्क साधन के अभाव में लोगो ने डायल 112 को कॉल किया ताकि पुलिस के सहयोग से युवक को पकड़कर उसके पास मौजूद तलवार बरामद किया जा सके लेकिन डायल 112 ने भी निराश किया और दो घंटे बाद भी लोगो को अपेक्षित सहयोग नही मिला। इस दौरान तलवार समेत पकड़े जाने के डर से युवक रात में अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। लोगों ने भी युवक के हाथ में तलवार की वजह से पीछा करना उचित नही समझा। रात को हाथों में तलवार लेकर नशेड़ी युवक का बेखौफ शहर में घूमना और इस दौरान पुलिस के हत्थे नही चढ़ना शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। विगत कुछ दिनों से शहर में नशेड़ियों का बढ़ता आतंक और गुंडागर्दी नगरवासियों के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। समय रहते अगर नगर में तेजी से पांव पसारते अराजक तत्वों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में ये शहर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकते है जिसका खामियाजा नगरवासियों को भुगतना पड़ेगा।

जौहरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
E-mail: jowharyhospital44@gmail.com, Web.: www.jowharyhospital.com
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS, MS, DNB (Hyderabad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन,
एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
डॉ. अलका जौहरी
MBBS, DNB (Sec-9, Bhilai)
FAIC (Bhopal)
Diploma in Cosmetic Gynaecology (ICCG)
प्रसूति, स्त्री रोग नि:संतान दम्पति विशेषज्ञ
एण्डोस्कोपिक गायनिक सर्जन
उपलब्ध विभाग
• न्यूरो सर्जरी • नाक, कान, गला
• आर्थो सर्जरी • पीडियाट्रिक सर्जरी
• कैंसर सर्जरी • जनरल सर्जरी
• यूरो सर्जरी • गेस्ट्रो एंट्री सर्जरी
• स्त्री एवं प्रसूति रोग • प्लास्टिक सर्जरी
• एण्डोस्कोपी • स्टेम सेल थेरेपी
भारत में पहली बार
इन्फ्रारेड, न्यूरो सर्जरी
(भयमुक्त न्यूरोसर्जरी)
राइट इफेक्ट नो साइड इफेक्ट
सर्जरी के बाद काम में जल्दी वापसी
उपलब्ध सुविधाएँ-
• 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
• 24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा
• सर्व सुविधा युक्त आधुनिक मशीनों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
• पैथोलॉजी
• आई.सी.यू.
• वेन्टीलेटर
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलवरी
• दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
• अल्ट्रा साउंड
• एक्स-रे, रेडियोलॉजी
• ई.सी.जी., ई.ई. जी.
• एन. सी. बी. ईको
• फॉर्मेसी (मेडिकल)
सभी प्रकार के ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड एवं मेडिक्लैम के अन्तर्गत
0771-4349856
81790-50740
99816-77710
पता : ढेबर सिटी मोड़ के सामने, मेन रोड, भाटागांव, रायपुर (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
03 अक्टूबर 2025
09 नवंबर 2025
18 दिसंबर 2025
15 जनवरी 2026
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)